हरिभूमि
मध्यांचल भूमि
रायपुर, गुरुवार 15 अक्टूबर 2026

तापमान

अधिकतम 32.0 डिग्री

न्यूनतम 22.0 डिग्री

10 तिल्दा-नेवरा में बंगाली समाज की दुर्गा पूजा 16 अक्टूबर...



11 14 नंबर नहर से पानी नहीं मिलने से 650 एकड़ धान...



नवरात्रि विशेष



पंचमी: स्कंदमाता

देवी मां का पांचवा स्वरूप स्कंदमाता का है। स्कंदमाता को ही महेश्वरी, गौरी और पार्वती कहते हैं। भगवान स्कंदजी बालरुप में इन्हीं के गोद में विराजते हैं। सौभाग्य की देवी स्कंदमाता असुरों का दमन करने वाली और परम वैभवशाली है। सूर्यमंडल की अधिष्ठात्री देवी होने के कारण इनका उपासक अलौकिक तेज और कांति से संपन्न हो जाता है। कथा है कि एक बार असुर तारकासुर ने घोर तपस्या करके ब्रह्माजी से अक्षत जीवन का वर ले लिया था। ब्रह्माजी ने वरदान तो दे दिया पर कहा कि आना-जाना तो इस सृष्टि का नियम है। इससे कोई नहीं बच सकता। इस पर धूर्त तारकासुर ने वर मांगा कि उनकी मौत हो तो सिर्फ शिवजी के पुत्र के हाथों। ब्रह्माजी ने भी तथास्तु कह दिया। अब तारकासुर निरंकुश हो गया। उसने सोचा न तो शिव कभी विवाह करेंगे और उसकी मौत होगी। तारकासुर ने ऐसा उत्पात मचाया कि सारा संसार त्राहि-त्राहि कर उठा। देवगण शिवजी की शरण में पहुंचे और सार व्यथा-कथा कह सुनाई। उनके काफी अनुनय-विनय सदाशिव ने साकार रुप धारण कर पार्वतीजी से विवाह रचाया। कालांतर में शिव-पार्वती कार्तिकेय या स्कंदकुमार ने तारकासुर को यमलोक पहुंचाया। स्कंदमाता के स्वरुप के साथ ही माता और पुत्र संबंध की नींव पड़ी। पांचवे नवरात्र को इन्हीं स्कंदमाता की पूजा होती है। शास्त्रों में पांचवे नवरात्रि को पुष्कल का महत्व बताया गया है। स्कंदमाता की चार भुजाएं है। इनका वर्ण शुभ्र है। स्कंदमाता की आराधना के समय साधक मन विशुद्ध चक्र में अवस्थित रहता है। स्कंदमाता की पूजा करने वाले भक्तों का मन सांसारिक मोहमाया की आरधना का मंत्र है-
नित्यं पद्माश्रितकरद्वया।
शुभ्रदास्तु सदा देवी स्कंदमाता यशस्विनी।।

107 साल पुरानी राम लीला मंडली ने किया सीताराम विवाह का मंचन

हरिभूमि न्यूज ⏭ भाटापारा

आदर्श रामलीला नाटक मंडली के 107वें वर्ष के तीसरे दिन के मंचन में अहिल्या उद्धार, मीनाबाजार, रावण बाणासुर संवाद, पेटल लखटकिया हास्य प्रसंग और धनुष यज्ञ, सीताराम विवाह की लीला दिखाई गई। मीनाबाजार के गीतों ने मोहा मन तो वही रावण बाणासुर संवाद ने दहलाया मंच, पेटल लखटकिया की कॉमेडी ने हंसा हंसा कर किया दर्शकों को लोटपोट।

तीसरे दिवस की प्रस्तुति में बच्चो की कलाकारी देख दर्शकों ने बजाई ताली। आरती में गुप्ता समाज, वर्मा समाज, केसरवानी समाज, जैन समाज, गुजराती समाज एवं वैष्णव समाज के पदाधिकारी एवं साथी शामिल हुए। रामलीला संरक्षक अनिल चांडक ने कहा कि यहां के छोटे बच्चे कलाकारी का जो हुनर इस मंच पर दिखाते हैं वह बहुत ही प्रशंसनीय है और यह भाटापारा की सांस्कृतिक एवं धार्मिक संस्कृति की मजबूती को दर्शाता है।

गुप्ता समाज से रवि गुप्ता ने कहा कि इन बच्चों की तीन-चार माह की मेहनत और अभ्यास इस मंच की मजबूती को और ज्यादा सुंदर बनाता है। देवांगन समाज से खेमलाल देवांगन ने नगर के आम नागरिकों से अपील की कि वे रामलीला को ज्यादा से ज्यादा यूट्यूब पर देखें एवं अपने बच्चों को इसमें कार्य करने के लिए प्रेरित करें। उन्होंने सभी आयोजकों को इस मंचन के लिए बहुत-बहुत बधाई दी।

धनुष यज्ञ लीला में पेटल-लखटकिया ने हंसा-हंसा की किया लोटपोट



आरती में बुलाने की सराहना

पार्षद नंदकिशोर वैष्णव ने इस मंच पर विभिन्न समाज एवं संगठनों के प्रतिनिधियों को आरती में बुलाने की परंपरा की सराहना की। इस दौरान जनकराम देवांगन, प्रदीप केसरवानी, प्रवीण केसरवानी, सीए अजय गुप्ता,नंदकिशोर वैष्णव, सीए अजय गुप्ता नरेन्द्र गुप्ता, यशवंत शाह, प्रीति शाह, प्रकाश सोनी, सुभाष गुप्ता, शिव गुप्ता एवं बृजबिहारी गुप्ता उपस्थित थे।

बलौदाबाजार-सुहेला मार्ग पर मशीनरी और मैनपावर बढ़ाने के निर्देश

48.70 करोड़ की सड़क का काम धीमा कलेक्टर ने ठेकेदार को लगाई फटकार

हरिभूमि न्यूज ⏭ बलौदाबाजार

बलौदाबाजार से रिसदा, सुहेला होते हुए हथबंद तक करीब 48 किलोमीटर लंबे मार्ग की बदहाली और निर्माण कार्य में देरी के बीच कलेक्टर कुलदीप शर्मा ने बुधवार को बलौदाबाजार-सुहेला सड़क तथा रिसदा बाईपास निर्माण कार्य का निरीक्षण किया। उन्होंने धीमी प्रगति पर नाराजगी जताते हुए ठेकेदार को मशीनरी, पेवर और श्रमिकों की संख्या बढ़ाकर निर्धारित समय-सीमा में काम पूरा करने के निर्देश दिए। सड़क निर्माण के दौरान उड़ती धूल से लोगों को हो रही परेशानी पर नियमित पानी छिड़काव कराने को भी कहा।

- रिसदा बाईपास का काम बंद मिलने पर जताई नाराजगी
- पांच माह बाद भी काम की गति पर सवाल

हरिभूमि फॉलोअप

बलौदाबाजार-रिसदा ⏭शेष पेज 10 पर


सरोकार : बलौदाबाजार-रिसदा-सुहेला-हथबंद मार्ग में गड्ढों की भरमार

48.70 करोड़ का ठेका, पांच माह बाद भी सड़क पर काम शुरू नहीं

सरोकार मीडिया पर बवाल हुई सड़क की बदहाली

ओवरलिक नोटिफिकेशन से शादी घरवालों का दबाव

सांसदों को लॉटरी, दिसंबर तक पूरा करने का दावा

दुर्लभ सावजा की बनी समस्या

15 दिन का कार्ययोजना बनाकर रोजाना देनी होगी रिपोर्ट

बलौदाबाजार-सुहेला मार्ग पर डब्ल्यूएमएम कार्य तथा पुरानी सड़क की खुदाई से निकलने वाले मलबे के कारण उड़ रही धूल को देखते हुए कलेक्टर ने पानी के टैंकर बढ़ाने और नियमित छिड़काव कराने को कहा। उन्होंने निर्माण कार्य की धीमी प्रगति पर नाराजगी जताते हुए एसडीओ और सब इंजीनियर को ठेकेदार से 15 दिन की कार्ययोजना लेकर प्रतिदिन की प्रगति रिपोर्ट प्राप्त करने के निर्देश दिए। साथ ही संशोधित कार्ययोजना तैयार करने और बलौदाबाजार से सुहेला के बीच छूटे पैचवर्क को पूरा कराने को कहा। सुहेला से सिमगा की ओर भी काम में तेजी लाने के निर्देश दिए गए।

रिसदा बाईपास का काम बंद मिलने पर नाराजगी

रिसदा बाईपास के निरीक्षण के दौरान मशीनरी नहीं लगाए जाने और काम बंद मिलने पर कलेक्टर ने इंजीनियर तथा ठेकेदार से जानकारी ली। ठेकेदार ने ग्राम पंचायत कुकुरडीह के सरपंच की ओर से जमीन संबंधी कारणों से निर्माण कार्य में व्यवधान होने की बात कही। इस पर कलेक्टर ने एसडीएम और तहसीलदार को तत्काल सरपंच से चर्चा कर समस्या का निराकरण कराने तथा निर्माण कार्य शुरू करवाने के निर्देश दिए। उन्होंने ठेकेदार को मशीनरी और मानव संसाधन बढ़ाकर काम समय पर पूरा करने को कहा।



दिसंबर तक काम पूरा करने की चुनौती

सड़क निर्माण की अंतिम समय-सीमा दिसंबर 2026 निर्धारित बताई गई है। ऐसे में शेष अवधि में निर्माण कार्य पूरा करना विभाग और ठेकेदार के लिए चुनौती है। लगातार खराब सड़क से परेशान क्षेत्रवासियों को अब निरीक्षण के बाद काम में तेजी आने और आवागमन की समस्या से राहत मिलने की उम्मीद है।

मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने शिवरीनारायण में टेका माथा



हरिभूमि न्यूज ⏭ गिधौरी

शारदीय नवरात्रि की पंचमी तिथि के पावन अवसर पर छत्तीसगढ़ राज्य के मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने भगवान श्री शिवरीनारायण जी का दर्शन कर पूजा-अर्चना की। इस अवसर पर अनेक अति विशिष्ट जन भी शामिल हुए। मुख्यमंत्री ने भगवान श्री शिवरीनारायण जी के दर्शन कर प्रदेश की सुख-समृद्धि, खुशहाली एवं जनकल्याण की कामनाएं की। नवरात्रि के पावन पर्व पर मंदिर में श्रद्धा और भक्ति का वातावरण बना हुआ है। दर्शन के अवसर पर उपस्थित श्रद्धालुओं ने भी भगवान का आशीर्वाद प्राप्त किया। शारदीय नवरात्रि के दौरान शिवरीनारायण धाम में धार्मिक आस्था और भक्ति का विशेष महत्व है। भगवान शिवरीनारायण जी के दर्शन के लिए बड़ी संख्या में श्रद्धालु भक्त पहुंचते हैं।

- प्रदेश की सुख-समृद्धि और खुशहाली की की कामना

महामंडलेश्वर राजेश्री महन्त रामसुन्दर दास जी महाराज ने उन्हें स्थान के धार्मिक महत्व से अवगत कराया, उनका सम्मान ट्रस्ट कमेटी के सदस्यों ने शाल-श्रीफल से किया उन्होंने गौ माता की पूजा अर्चना भी की। इस अवसर पर मुख्यमंत्री जी के साथ साय, केंद्रीय राज्य मंत्री तोखन साहू, तथा वित्तमंत्री ओपी चौधरी, सांसद कमलेश जांगड़े, कमलादेवी पाटले, अम्बेश जांगड़े सहित अन्य लोग भी सम्मिलित हुए। इनके अतिरिक्त त्यागी महाराज, ज्योतिंद्रनाथ ठाकुर, बृजेश केसरवानी, राघवेंद्र प्रताप सिंह, हेमंत दुबे, सुखराम दास, मीडिया प्रभारी निर्मल दास वैष्णव सहित अनेक अति विशिष्ट लोग उपस्थित थे।

खबर संक्षेप

भाटापारा में आज निकाली जाएगी मां भवानी की भव्य चुनरी यात्रा

भाटापारा। शहर की आस्था और भक्ति का प्रतीक मां भवानी की चुनरी यात्रा इस वर्ष 15 अक्टूबर को भव्य रूप से निकाली जाएगी। इस अवसर पर माता के प्रति श्रद्धा और भक्ति का वातावरण संपूर्ण शहर में देखने को मिलेगा। मां भवानी के असीम कृपा और आशीर्वाद से यह यात्रा महावीर वार्ड, सुभाष वार्ड भाटापारा में सुख, समृद्धि और शांति का संदेश लेकर निकलेगी। आयोजकों ने बताया कि इस यात्रा में भक्तजन पारंपरिक रीति-रिवाजों के साथ माता की चुनरी लेकर नगर भ्रमण करेंगे और जगह-जगह माता के जयकारों के साथ श्रद्धालु शामिल होंगे।

जुआ खेल रहे 5 जुआरी गिरफ्तार

लवन। जिले में अवैध गतिविधियों, जुआ-सट्टा और असामाजिक कृत्यों पर अंकुश लगाने के लिए लगातार सख्त अभियान चलाया जा रहा है। इसी क्रम में थाना लवन पुलिस टीम द्वारा त्वरित कार्रवाई करते हुए जुआ खेल रहे आरोपियों के विरुद्ध प्रभावी कार्रवाई की गई है। 13 अक्टूबर की रात्रि को थाना लवन पुलिस को जरिये मुखबिर से सूचना मिली कि ग्राम गिंदोला जोगी डबरी के पास कुछ व्यक्ति 52 ताश पत्ती से रुपए-पैसे का हार-जीत का दांव लगाकर जुआ खेल रहे हैं। सूचना पर थाना लवन पुलिस टीम द्वारा मौके पर पहुंचकर घेराबंदी कर रेड कार्रवाई की गई। मौके पर पकड़े गए डकेश्वर पटेल पिता साखीराम पटेल, उम्र 50 वर्ष, झनीष पटेल पिता विजय पाल पटेल, उम्र 24 वर्ष,रामचंद साहू पिता बाबुराम साहू, उम्र 43 वर्ष, गोपी पटेल पिता राजकुमार पटेल, उम्र 29 वर्ष, राजु सोनवानी पिता संतराम सोनवानी, उम्र 38 वर्ष आरोपियों से पूछताछ करने पर उन्होंने पैसे का दांव लगाकर जुआ खेलना स्वीकार किया। आरोपियों के कब्जे से ⏭शेष पेज 10 पर

दुर्गोत्सव मेले में सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम उतरवाए 100 से अधिक लोहे के कड़े

हरिभूमि न्यूज ⏭ सुहेला

शारदीय नवरात्रि के अवसर पर सुहेला में आयोजित प्रसिद्ध वृहद नवदुर्गा महोत्सव एवं भव्य मेले में श्रद्धालुओं की सुरक्षा और शांति व्यवस्था बनाए रखने के लिए पुलिस ने पुख्ता इंतजाम किए हैं। यहां एक साथ स्थापित मां दुर्गा की 21 प्रतिमाओं के दर्शन के लिए प्रतिदिन बड़ी संख्या में श्रद्धालु पहुंच रहे हैं। भीड़ को देखते हुए थाना प्रभारी के नेतृत्व में पुलिस टीम मेला परिसर, मंदिर प्रांगण और आसपास के मार्गों पर लगातार पैदल पेट्रोलिंग कर रही है। साथ ही संदिग्ध व्यक्तियों और मनचलों से पूछताछ कर उनकी गतिविधियों पर नजर रखी जा रही है। पुलिस अधीक्षक गौरव राय के निर्देशन में जिलेभर में नवरात्रि पर्व को शांतिपूर्ण एवं सुरक्षित ढंग से संपन्न कराने के लिए विशेष सतर्कता बरती जा रही है। इसी क्रम में सुहेला पुलिस ने सुरक्षा जांच के दौरान युवाओं के हाथों में पहने 100 से अधिक लोहे के कड़े एवं चूड़े उतरवाए। पुलिस के अनुसार, मेले में किसी प्रकार की आपसी झड़प, हुड़दंग या शांति व्यवस्था भंग होने की आशंका को देखते हुए यह कदम उठाया गया है, ताकि लोहे की वस्तुओं से किसी को चोट पहुंचने जैसी अप्रिय घटना को रोका जा सके। पुलिस असामाजिक एवं संदिग्ध तत्वों पर लगातार नजर रख रही है। बलौदाबाजार-भाटापारा पुलिस ने श्रद्धालुओं एवं नागरिकों से नवरात्रि पर्व के दौरान शांति और कानून-व्यवस्था बनाए रखने में सहयोग करने की अपील की है। पुलिस ने कहा है कि मेला परिसर या आसपास कोई संदिग्ध गतिविधि, व्यक्ति अथवा लावारिस वस्तु दिखाई देने पर तत्काल थाना सुहेला या डायल 112 पर सूचना दें, ताकि समय रहते आवश्यक कार्रवाई की जा सके।



किराना दुकान की आड़ में गांजा बिक्री का खुलासा, दुकानदार और सप्लायर गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ⏭ गिधपुरी

पुलिस अधीक्षक गौरव राय के निर्देशन में जिले में अवैध मादक पदार्थों की बिक्री और तस्करी के विरुद्ध नशा मुक्ति अभियान चलाया जा रहा है। इसी अभियान के तहत थाना गिधपुरी पुलिस ने किराना दुकान की आड़ में गांजा बेचने का खुलासा किया है। कार्रवाई में दुकानदार संतराम विश्वकर्मा और कथित सप्लायर खेलन साहू को गिरफ्तार किया गया है। पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार 13 अक्टूबर को थाना गिधपुरी पुलिस को मुखबिर से सूचना मिली थी कि ग्राम गाड़ाकुसमी निवासी संतराम विश्वकर्मा अपनी किराना दुकान में गांजा रखकर बिक्री कर रहा है।





सूचना के आधार पर पुलिस टीम ने गवाहों के साथ मौके पर पहुंचकर दुकान की घेराबंदी की और तलाशी ली। तलाशी के दौरान पुलिस ने 185 पुड़िया में रखा गांजा तथा थैले में रखा खुला सूखा गांजा बरामद किया। जब्त गांजे का कुल वजन 978 ग्राम बताया गया है, जिसकी अनुमानित कीमत 11 हजार 750 रुपये है। इसके अलावा गांजा बिक्री की 250 रुपये नकद राशि भी जब्त की गई। इस तरह पुलिस ने कुल 12 हजार रुपये का बरामद किया। थाना प्रभारी हेमंत साहू के मुताबिक संतराम विश्वकर्मा से पूछताछ के दौरान ग्राम भवानीपुर निवासी खेलन साहू से गांजा खरीदकर लाने की जानकारी मिली। इसके बाद कार्रवाई करते हुए खेलन साहू को भी गिरफ्तार कर दोनों आरोपियों के विरुद्ध अपराध दर्ज कर धारा 20(बी) एनडीपीएस एक्ट मे तहत कार्यवाही किया गया है। दोनों को आज गिरफ्तार कर न्यायालय में पेश किया गया। वही थाना प्रभारी गिधपुरी हेमंत ⏭शेष पेज 10 पर

गेंदा की खेती किसानों के लिये बना आय का नया विकल्प

गेंदा फूल की खेती बन रही मुनाफे का सौदा प्रति एकड़ हो रही 1.5 लाख तक की कमाई

हरिभूमि न्यूज ⏭ बलौदाबाजार

जिले के किसान अब परंपरागत खेती से आधुनिक औऱ कम लागत में अधिक मुनाफा वाली खेती की ओर अग्रसर हैं। गेंदा फूल की खेती एक नया विकल्प के रूप में उभर रहा है। एक्सटेंशन रिफार्म्स योजना अंतर्गत विकासखंड सिमगा के किसान राधेश्याम सोनकर एवं अन्य कृषकों के द्वारा 10 एकड़ रकबे में एवं कुछ किसानों द्वारा स्वयं से 20 एकड़ रकवे में गेंदा की खेती की गई है। किसानों द्वारा गेंदा को 120 रूपये किलो की दर से रायपुर, भिलाई ⏭शेष पेज 10 पर



अधिकारियों ने किया खेतों का निरीक्षण:

उप संचालक कृषि ने बताया कि गेंदा की खेती से आय का आकलन वास्तविक लाभ उत्पादन, किस्म, मौसम, लागत, बाजार भाव तथा बिक्री व्यवस्था पर निर्भर करता है। गेंदा की खेती में उन्नत किस्मों का चयन, समय पर रोपाई, संतुलित पोषण प्रबंधन, सिंचाई, खरपतवार नियंत्रण तथा कीट-रोगों का उचित प्रबंधन महत्वपूर्ण है। खेती शुरू करने से पहले स्थानीय बाजार में फूलों की मांग एवं संभावित बिक्री मूल्य की जानकारी लेना भी आवश्यक है। कृषि विभाग एवं आत्मा योजना के माध्यम से किसानों को कृषि एवं उद्यानिकी आधारित गतिविधियों की जानकारी देकर आय के वैकल्पिक स्रोतों को अपनाने के लिए प्रोत्साहित किया जा रहा है।

धार्मिक और सामाजिक आयोजनों में लगातार मांग

कलेक्टर कुलदीप शर्मा के निर्देशानुसार आत्मा योजना अंतर्गत गेंदा की खेती का प्रक्षेत्र निरीक्षण, किसानों को फूलों की खेती अपनाने के लिए प्रोत्साहित किया जा रहा है।उप संचालक कृषि दीपक कुमार नायक ने विगत दिनों गेंदा की खेती का निरीक्षण किया तथा खेती की स्थिति, पौधों की बढ़वार एवं उत्पादन की संभावनाओं की जानकारी ली गई। इस दौरान संबंधित अधिकारियों द्वारा फूलों की खेती के माध्यम से किसानों की आय बढ़ाने की संभावनाओं पर भी चर्चा की गई, और अधिक से अधिक कृषकों को गेंदा की खेती करने हेतु प्रोत्साहित किया गया।

ट्रक ने बस को मारी ठोकर शीशा टूटा, बाल-बाल बचे यात्री

हरिभूमि न्यूज ⏭ गिधौरी

भटगांव- सरसींवा तरफ से बलौदाबाजार जा रहे जैन कम्पनी की ट्रक क्रमांक सीजी 22 भी 8517 के चालक ग्राम गिधौरी में बुधवार तकरीबन 3 बजे के आसपास अशोक गैरेज गिधौरी के पास जय अम्बे बलौदाबाजार की बस काम करा रहा था उसी बीच ट्रक क्रमांक सी जी 22 भी 8517 चालक दिलीप पिता महेतरू जायसवाल कसडोल निवासी शराब के नशे में धुत तेज रफ्तार से ट्रक चलाते हुए सबसे पहले बस को जबरदस्त टोकर मार दिया और बस का सामने शीशे टुटकर चकनाचूर हो गया। तथा बस स्टैंड के पास मौजूद लोग बाल-बाल बचे। शराबी ट्रक चालक ने तेजगति से ट्रक चलाते हुए घटना स्थल से फरार हो गया और गिधौरी से मात्र तीन किलोमीटर की दुरी पर ग्राम सेमरा में एक और ट्रक सीजी 04 एनटी 5665 को तेज रफ्तार से आमने- सामने से टक्कर मार दिया गया। जिससे ट्रक चालक बाल-बाल बचे। दोनों ट्रकों की भिडंत से मुख्य मार्ग पर जाम की स्थिति हो गई थी जिसे ट्रक को किनारे किया गया। तब जाकर आवगमन बहाल हुआ। घटना की जानकारी ⏭शेष पेज 10 पर



खबर संक्षेप



ग्राम ओड़ाना में नवरात्रि की धूम

पलारी। शारदीय नवरात्रि के पावन अवसर पर ग्राम ओड़ाना में भक्तिमय माहौल बना हुआ है। गांव के विभिन्न पंडालों में मां दुर्गा की प्रतिमा स्थापित कर विधि-विधान से पूजा-अर्चना की जा रही है। सुबह-शाम माता की आरती और जसगीत से पूरा गांव भक्तिरस में डूबा हुआ है। वहीं मादर की थाप पर जसगीत गाकर श्रद्धालु माता की सेवा में जुटे हुए हैं। नवरात्रि के दौरान गांव में धार्मिक उत्साह देखते ही बन रहा है। श्रद्धालु मां दुर्गा की आराधना कर परिवार एवं गांव की सुख-समृद्धि और खुशहाली की कामना कर रहे हैं। इसी कड़ी में गुरुवार से ग्राम ओड़ाना में पांच दिवसीय आदर्श रामलीला का आयोजन भी शुरू किया गया है। रामलीला के माध्यम से भगवान श्रीराम के जीवन, आदर्शों और मर्यादा से जुड़ी प्रसंगों का मंचन किया जाएगा। इससे ग्रामीणों को धार्मिक एवं सांस्कृतिक परंपराओं से जुड़ने का अवसर मिलेगा। नवरात्रि में मां दुर्गा की आराधना और रामलीला के आयोजन से ग्राम ओड़ाना का वातावरण पूरी तरह भक्तिमय हो गया है।

निधन

सेवक राम साहू

पलारी। ग्राम दतान (प.) निवासी सेवक राम साहू 73 वर्ष का निधन हो गया। उनका अंतिम संस्कार गृहग्राम में किया गया।



जिसमें गांव के गणमान्य नागिरिक शामिल हुए। वे पार्वती साहू के पति व अनुप, भारत साहू के पिता थे।

डबरी निर्माण से बदली मनराखन की किस्मत, सब्जी उत्पादन और मछली पालन से अतिरिक्त आय

हरिभूमि न्यूज ⏭ गिधपुरी

ग्रामीण परिवारों को रोजगार उपलब्ध कराने और उनकी आजीविका को मजबूत बनाने की दिशा में वीबी-जी राम जी के तहत किए जा रहे कार्यों का उदाहरण ग्राम पंचायत कोनारी में देखने को मिला है। पलारी विकासखंड के ग्राम कोनारी निवासी मनराखन पटेल के खेत में तीन लाख रुपये की लागत से निजी डबरी का निर्माण कराया गया है। इस पहल से जल संरक्षण और सिंचाई की सुविधा विकसित हुई है, वहीं परिवार को कृषि और मछली पालन के माध्यम से आय बढ़ाने के नए अवसर भी मिले हैं। हितग्राही मनराखन पटेल पिता बंशीलाल पटेल की निजी भूमि पर डबरी निर्माण कार्य स्वीकृत किया गया था। निर्माण कार्य पूर्ण होने से कुल 1080 मानव दिवस का रोजगार सृजित हुआ। डबरी बनने से खेत में वर्षा जल संग्रहण की सुविधा उपलब्ध हुई है, जिससे खेती के लिए पानी की उपलब्धता बेहतर बनाने में मदद मिल रही है। उपलब्ध आंकड़ों के अनुसार डबरी निर्माण से पहले हितग्राही परिवार की वार्षिक आय 10 हजार रुपये दर्ज थी। निर्माण के बाद यह बढ़कर 30 हजार रुपये हो गई। इस तरह दर्ज आंकड़ों में वार्षिक आय 20 हजार रुपये बढ़ी है। वहीं फसल उत्पादन पहले शून्य था, जो अब बढ़कर एक क्विंटल दर्ज किया गया है। **जल संरक्षण को लेकर कलेक्टर कुलदीप शर्मा ने दिया जोर :** कलेक्टर कुलदीप शर्मा ने जल संरक्षण और भूजल स्तर बढ़ाने के लिए जनभागीदारी से जल संचयन संरचनाओं के निर्माण पर जोर दिया है। उनका कहना है कि वर्षा जल का संरक्षण भविष्य की जरूरत है।

तीन लाख रुपए की लागत से बनी निजी डबरी से जल संरक्षण को बढ़ावा

रोजगार के साथ स्थायी परिसंपत्ति का निर्माण

कोनारी में डबरी निर्माण का यह कार्य ग्रामीण विकास में रोजगार सृजन और उपयोगी परिसंपत्तियों के निर्माण के महत्व को दर्शाता है। वीबी-जी राम जी के तहत निर्मित इस डबरी से हितग्राही परिवार को जल संग्रहण, कृषि उत्पादन और आजीविका के नए अवसर मिले हैं। इस तरह योजना के माध्यम से ग्रामीण क्षेत्र में स्थानीय संसाधनों का उपयोग कर परिवारों को आर्थिक रूप से मजबूत बनाने की दिशा में प्रयास किए जा रहे हैं।



खेती के साथ मछली पालन को भी बढ़ावा

डबरी का उपयोग केवल पानी संग्रहित करने तक सीमित नहीं है। हितग्राही लगभग 50 डिसमिल भूमि में सब्जी उत्पादन कर रहे हैं और डबरी में मछली पालन भी कर रहे हैं। इससे परिवार को खेती के लिए पानी उपलब्ध होने के साथ अतिरिक्त आजीविका विकसित करने का अवसर मिला है। जल संरक्षण की यह व्यवस्था भविष्य में कृषि कार्यों को बेहतर बनाने में भी सहायक हो सकती है।

21 अक्टूबर को सिंदूर खेला के बाद होगी विदाई और विसर्जन की रस्म

तिल्दा-नेवरा में बंगाली समाज की दुर्गा पूजा 16 अक्टूबर से, पांच दिन विराजेंगी मां दुर्गा

हरिभूमि न्यूज ⏭ तिल्दा-नेवरा

तिल्दा-नेवरा में बंगाली समाज द्वारा शारदीय दुर्गा पूजा की तैयारियां पूरी कर ली गई हैं। इस वर्ष मां दुर्गा की आराधना 16 अक्टूबर से शुरू होगी। पांच दिवसीय पूजा उत्सव के दौरान श्रद्धालु विधि-विधान से मां दुर्गा की पूजा-अर्चना करेंगे। 21 अक्टूबर को सिंदूर खेला की परंपरा निभाने के बाद मां दुर्गा को विदाई दी जाएगी और प्रतिमा का विसर्जन किया जाएगा। बंगाली समाज में दुर्गा पूजा का विशेष धार्मिक और सांस्कृतिक महत्व है। समाज के लोग मां दुर्गा का स्वागत बेटी के रूप में करते हैं। मान्यता के अनुसार, मां दुर्गा इन दिनों अपने मायके आती हैं और पांच दिन तक भक्तों के बीच विराजमान रहती हैं।

इसी आस्था के साथ पूजा पंडालों में धार्मिक अनुष्ठान, पारंपरिक पूजा और सांस्कृतिक गतिविधियां आयोजित की जाती हैं। नगर में बड़ी संख्या में बंगाली समाज के लोग निवासरत हैं। समाज की धार्मिक आस्था और सांस्कृतिक परंपराओं को जीवंत बनाए रखने के उद्देश्य से पिछले एक दशक से केसरवानी मोहल्ले में पांच



दिवसीय दुर्गा पूजा का आयोजन किया जा रहा है। इस वर्ष भी 16 अक्टूबर से मां दुर्गा की स्थापना कर विधि-विधान से पूजा-अर्चना की जाएगी।

16 से 20 अक्टूबर तक अलग-अलग पूजन

निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार, 16 अक्टूबर को षष्ठी पूजन, 17 अक्टूबर को सप्तमी पूजन, 18 अक्टूबर को अष्टमी पूजन, 19 अक्टूबर को नवमी पूजन और 20 अक्टूबर को दशमी पूजन की परंपरा निभाई जाएगी। इसके बाद 21 अक्टूबर को सिंदूर खेला होगा। इस दौरान महिलाएं मां दुर्गा को सिंदूर अर्पित कर एक-दूसरे को सिंदूर लगाकर सुख-समृद्धि और अखंड सौभाग्य की कामना करेंगी। इसके बाद मां दुर्गा की प्रतिमा का विसर्जन किया जाएगा।

आस्था, परंपरा और संस्कृति का संगम

दुर्गा पूजा बंगाली समाज के लिए केवल धार्मिक आयोजन नहीं, बल्कि सामाजिक एकता और सांस्कृतिक विरासत का प्रतीक भी है। पांच दिनों तक पूजा पंडाल में भक्तिमय वातावरण रहेगा। श्रद्धालु मां दुर्गा के दर्शन कर परिवार और समाज की सुख-समृद्धि की कामना करेंगे। आयोजन को लेकर समाज के सदस्यों में उत्साह है।

सेवक राम साहू के परिजनों ने किया मरणोपरांत नेत्रदान



हरिभूमि न्यूज ⏭ पलारी

प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र दतान, पलारी में 14 अक्टूबर को स्वर्गीय सेवक राम साहू, उम्र 73 वर्ष, निवासी ग्राम दतान पलारी के निधन उपरांत उनके परिजनों द्वारा मानवता की मिसाल पेश करते हुए नेत्रदान कराया गया। मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी एवं जिला अंधत्व नोडल अधिकारी डॉ. राजेश अवस्थी तथा खंड चिकित्सा अधिकारी डॉ पंकज वर्मा, डॉ. कमली सोनवानी नेत्र रोग विशेषज्ञ के मार्गदर्शन में नेत्र सहायक अधिकारी नोहर प्रसाद राकेश द्वारा नेत्रदान की प्रक्रिया के अंतर्गत दिवंगत नेत्रदाता के नेत्रगोलक को सुरक्षित रूप से निकाला गया। नेत्रदान की इस पुनीत प्रक्रिया में पीएचसी दतान प्रभारी डॉ. सतीश नायक एवं सेवानिवृत्त नेत्र सहायक अधिकारी राम कुमार साहू, नेत्र सहायक अधिकारी सुश्री मधु यादव, डेविड साहू एवं पितांबर साहू सहित प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र दतान के समस्त स्टाफ का विशेष सहयोग रहा। इस पुनीत कार्य में दिवंगत नेत्रदाता स्व. सेवक राम साहू के समस्त परिवारजनों का विशेष एवं सराहनीय सहयोग रहा। उनके परिवार द्वारा शोक की घड़ी में नेत्रदान का निर्णय लेकर समाज के समक्ष मानवता एवं संवेदनशीलता की प्रेरणादायक मिसाल प्रस्तुत की गई है।



■ पलारी ब्लाक के इतिहास में पहली बार हुआ नेत्रदान

उत्कृष्ट पुलिसिंग करने वाले 10 अधिकारी कर्मचारी 'कॉप ऑफ द मंथ' से सम्मानित



बलौदाबाजार। जिले में अपराध अनुसंधान, लंबित मामलों के निराकरण, साइबर जागरूकता और आपातकालीन सेवाओं में उत्कृष्ट कार्य करने वाले 10 पुलिस अधिकारी-कर्मचारियों को 'कॉप ऑफ द मंथ' के रूप में सम्मानित किया गया। 14 अक्टूबर को पुलिस कार्यालय में आयोजित समारोह में पुलिस अधीक्षक गौरव राय ने सभी को प्रशस्ति पत्र प्रदान कर उनके कार्यों की सराहना की। सम्मानित पुलिसकर्मियों ने गंभीर एवं जटिल मामलों की साक्ष्य आधारित विवेचना, लंबित अपराधों के निराकरण, साइबर अपराधों के प्रति जनजागरूकता, डायल 112 के माध्यम से त्वरित सहायता तथा तकनीकी विश्लेषण और गोपनीय सूचनाओं के संकलन में उल्लेखनीय योगदान दिया है। अपराधों के खात्मा स्वीकृत कराने एवं निराकरण में उल्लेखनीय कार्य के लिए निरीक्षक परिवेश तिवारी (तत्कालीन थाना प्रभारी पलारी, वर्तमान थाना प्रभारी सिमगा) तथा अपराध निराकरण में उत्कृष्ट प्रदर्शन के लिए निरीक्षक प्रवीण मिंज थाना प्रभारी कसडोल को सम्मानित किया गया। जटिल आपराधिक मामलों की गुणवत्तापूर्ण एवं साक्ष्य आधारित विवेचना के लिए उप निरीक्षक शेख करीमुद्दीन कुरैशी थाना सिमगा और सहायक उपनिरीक्षक कुलमणी बारीक थाना भाटापारा शहर को सम्मान मिला। राज्य स्तरीय साइबर जागरूकता अभियान में योगदान के लिए उप निरीक्षक संदीप बंजारे थाना प्रभारी गिधौरी और आरक्षक प्रवीण यादव थाना लवन सम्मानित हुए। डायल 112 सेवा में त्वरित सहायता के लिए आरक्षक रूपेश कुमार बघेल भाटापारा ग्रामीण और आरक्षक कमलेश्वर बर्मन कसडोल को चुना गया। वहीं, साइबर सेल में तकनीकी विश्लेषण के लिए आरक्षक गौरी कश्यप तथा गोपनीय सूचनाओं के संकलन के लिए आरक्षक श्रीचंद ध्रुव को सम्मानित किया गया। एसपी गौरव राय ने कहा कि पुलिसकर्मी पूरी निष्ठा, ईमानदारी और समर्पण के साथ जनसेवा करते हुए कानून-व्यवस्था बनाए रखने में अपनी भूमिका निभाएं। उन्होंने उम्मीद जताई कि यह सम्मान अन्य पुलिसकर्मियों को भी बेहतर कार्य करने के लिए प्रेरित करेगा।

चलित झांकियों और आकर्षक सजावट से सजा गांव, उमड़ रही श्रद्धालुओं की भीड़





हरिभूमि न्यूज ⏭ गिधपुरी

बलौदाबाजार जिले के विकासखंड पलारी अंतर्गत ग्राम पंचायत सहाड़ा में शारदीय नवरात्रि उत्सव की रौनक छाई हुई है। गांव में नवरात्रि को लेकर की गई भव्य सजावट और आकर्षक चलित झांकियां श्रद्धालुओं के आकर्षण का केंद्र बनी हुई हैं। माता के दर्शन और झांकियां देखने के लिए प्रतिदिन बड़ी संख्या में श्रद्धालु पहुंच रहे हैं। गांव के गलियों, चौक चौराहों, मंदिरों और तालाब पार सहित विभिन्न स्थानों को आकर्षक ढंग से सजाया गया है। गौरा चौक एवं उड़न खटोला सेवा समिति द्वारा तैयार की गई हिरण्यकश्यप वध, भगवान विष्णु के दस अवतार, कैलाश गुफा और जंगल बचाओ विषय पर आधारित चलित झांकियां लोगों को आकर्षित कर रही हैं।

धार्मिक प्रसंगों के साथ पर्यावरण संरक्षण का संदेश भी दिया जा रहा है। वहीं बरामदेव समिति, नंदेश्वर समिति और महामाया दुर्गा समिति सहित बाजार चौक में भी आकर्षक सजावट और गुफाओं का निर्माण किया गया है। नवरात्रि उत्सव में धार्मिक आस्था के साथ मनोरंजन और सांस्कृतिक गतिविधियों का भी विशेष ध्यान रखा गया है। महिलाओं और बच्चों के लिए झूले तथा मीना बाजार आकर्षण बढ़ा रहे हैं। जसगीत, सुवा नृत्य और अन्य सांस्कृतिक प्रस्तुतियों से उत्सव का माहौल भक्तिमय बना हुआ है।

ग्रामीणों के सहयोग से वर्षों से हो रहा आयोजन

समितियो के अध्यक्ष एवं के सदस्यों ने बताया कि ग्रामवासियों के सहयोग से सहाड़ा में कई वर्षों से नवरात्रि उत्सव का आयोजन किया जा रहा है। इस वर्ष भी विभिन्न समितियों ने मिलकर आकर्षक चलित झांकियां और धार्मिक सजावट तैयार की है। झांकियों के माध्यम से धार्मिक मान्यताओं के साथ सामाजिक संदेश भी दिए जा रहे हैं। प्रतिदिन श्रद्धालुओं की बढ़ती भीड़ से आयोजन समिति और ग्रामीणों में उत्साह है। सहाड़ा का नवरात्रि उत्सव आसपास के गांवों के लोगों के लिए भी आकर्षण का केंद्र बना हुआ है।

रोजगार मेला में 87 युवाओं का प्राथमिक चयन एवं 40 को स्थल पर ही मिला आफॅर लेटर

हरिभूमि न्यूज ⏭ बलौदाबाजार



जिले के शिक्षित युवाओं को निजी क्षेत्र में रोजगार का अवसर प्रदान करने के लिए जिला रोजगार कार्यालय बलौदाबाजार द्वारा आईटीआई सकरी में बुधवार को रोजगार मेला का आयोजन किया गया। रोजगार मेला मे 348 आवेदक उपस्थित हुए जिसमें से 87 का प्राथमिक चयन एवं 40 का अंतिम चयन किया गया। रोजगार मेला में नियोजक प्रेम प्रकाश फुड भाटापारा द्वारा एकाउंट के 2 पद, सुपरवाइजर, लेब तकनीशियन, फेबरीकेटर, लेबर, एचआर एक्जीक्यूटीव के पदों पर साक्षात्कार लिया गया जिसमें 140 आवेदक उपस्थित हुए 34 आवेदकों का प्राथमिक चयन करते हुए 15 आवदकों का मेला स्थल पर ही अंतिम चयन किया गया। होटल राज रेसिडेंसी भाटापारा द्वारा रिसेपश्निष्ट, हाऊस किपिंग स्टाफ एवं कम्प्यूटर ऑपरेटर के पदों पर साक्षात्कार लिया गया जिसमें 82 आवेदक उपस्थित हुए 8 आवेदकों का प्राथमिक चयन करते हुए 2 आवेदकों का अंतिम चयन किया गया। एबी इंटर प्राइजेज महासमुंद द्वारा बिजनेस एसोसिएट के पदों हेतु साक्षात्कार लिया गया जिसमें 15 आवेदक उपस्थित हुए 6 आवदकों का मेला स्थल पर ही अंतिम चयन किया गया। टेलेंट क्राप्ट सोल्यूशन प्रायवेट लिमिटेड़ पुने महाराष्ट द्वारा अप्रेंटिस ट्रेनी के पदों पर साक्षात्कार लिया जिसमें 10 आवेदकों में से 4 आवेदकों का अंतिम चयन किया गया।

अप्रेंटिस ट्रेनी के 10 अभ्यर्थियों में से 4 का चयन

प्रांट एनर्जी रायपुर द्वारा एरिया सेल्स एक्सीक्यूटीव के पदों पर साक्षात्कार लिया गया जिसमें 05 आवेदक उपस्थित हुए जिसमें से 3 आवेदकों का अंमित चयन किया गया। फायर एंड सेफ्टी डिस्टर मनेजर प्रायवेट लिमिटेड भिलाई द्वारा फायर मेन, सिक्योरिटी गार्ड, पैकिंग स्टाप एवं होम केयर टेकर के पदों पर साक्षात्कार लिया गया जिसमें 78 आवेदक उपस्थित हुए, 18 आवेदकों का प्राथमिक चयन कर 6 आवेदकों का अंतिम चयन किया गया। बाम्बे इंटेलिजेंट सिक्योरिटी रायपुर द्वारा सिक्योरिटी गार्ड के पदों के लिए 18 आवेदक उपस्थित हुए 8 आवेदकों का प्राथमिक चयन करते हुए 04 आवेदकों का अंतिम चयन किया गया। उपस्थित समस्त नियोजकों द्वारा प्राथमिक चयनित एवं अंतिम चयनित आवेदकों को एक सप्ताह के अंदर अपने अपने संस्थान में उपस्थित होने के लिए निर्देशित किया गया है जिससे भर्ती संबंधित प्रक्रिया पूर्ण किया जा सकें।

गुड टच-बैड टच से लेकर चाइल्ड हेल्पलाइन तक दी जानकारी

जागरूकता शिविर में बच्चों को सिखाए सुरक्षा के गुर

हरिभूमि न्यूज ⏭ तिल्दा-नेवरा

बच्चों को उनके अधिकारों के प्रति जागरूक करने और उन्हें असुरक्षित परिस्थितियों से बचाव के लिए सक्षम बनाने के उद्देश्य से जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, रायपुर द्वारा पीएम श्री प्राथमिक शाला, सासाहोली में विधिक जागरूकता शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में बच्चों को सुरक्षा, संरक्षण और कानूनी अधिकारों से जुड़ी महत्वपूर्ण जानकारियां सरल भाषा में दी गईं। जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, रायपुर के अध्यक्ष एवं जिला एवं सत्र न्यायाधीश के मार्गदर्शन में आयोजित इस कार्यक्रम में अधिकार मित्र नव्या साहू ने विद्यार्थियों को गुड टच-बैड टच, आपातकालीन सहायता नंबर 112, चाइल्ड हेल्पलाइन नंबर 1098, भिक्षावृत्ति तथा बाल विवाह जैसे विषयों पर जागरूक किया।

असहज स्पर्श होने पर चुप न रहें बच्चे

शिविर में बच्चों को अच्छे और बुरे स्पर्श के बीच अंतर समझाते हुए बताया गया कि यदि कोई व्यक्ति उन्हें असहज महसूस कराए, तो डरने या चुप रहने के बजाय अपने माता-पिता, शिक्षक अथवा किसी भरोसेमंद बड़े व्यक्ति को इसकी जानकारी दें। बच्चों को यह भी बताया गया कि आपातकालीन स्थिति में 112 नंबर पर संपर्क किया जा सकता है, जबकि संकट में फंसे या असुरक्षित बच्चों की सहायता के लिए चाइल्ड हेल्पलाइन 1098 उपयोगी है।

भिक्षावृत्ति और बाल विवाह के प्रति किया जागरूक

कार्यक्रम में बच्चों को नशे के दुष्प्रभावों



और उनसे होने वाली बीमारियों के बारे में भी जानकारी दी गई। साथ ही, बच्चों को भीख मांगने के लिए मजबूर करना गलत है और ऐसी स्थिति में उचित सहायता लेना जरूरी है, यह समझाया गया। बाल विवाह के दुष्परिणामों तथा विवाह की कानूनी न्यूनतम आयु के संबंध में जानकारी देकर विद्यार्थियों को इस सामाजिक कुरीति के प्रति जागरूक किया गया।

जरूरत पड़ने पर 15100 पर लें कानूनी सहायता

विधिक जागरूकता शिविर का मुख्य उद्देश्य बच्चों को उनके अधिकारों के प्रति सजग बनाना, उन्हें संभावित खतरों की पहचान करना सिखाना और जरूरत पड़ने पर सही सहायता तक पहुंचने के लिए प्रेरित करना था। इस दौरान नालसा की टोल-फ्री विधिक सहायता हेल्पलाइन 15100 की जानकारी भी दी गई, ताकि बच्चे और जरूरतमंद लोग कानूनी सहायता प्राप्त करने के लिए उचित मार्गदर्शन ले सकें।

पेज 09 के शेष...

48.70 करोड़ की ...

-सुहेला-हथबंद मार्ग के निर्माण एवं मरम्मत के लिए करीब 48.70 करोड़ रुपए का ठेका आवंटित होने के बावजूद काम की धीमी गति को लेकर पहले भी सवाल उठते रहे हैं। सड़क पर गड्ढों, धूल और कीचड़ से राहगीरों तथा वाहन चालकों को परेशानी हो रही है। अब निरीक्षण के दौरान कलेक्टर ने निर्माण कार्य में तेजी लाने के लिए ठेकेदार को स्पष्ट निर्देश दिए हैं।

किराना दुकान की ...

साहू ने बताया कि नशे के कारोबार में शामिल लोगों के खिलाफ कार्रवाई जारी रहेगी।

गेंदा फूल की खेती ...

एवं अन्य स्थानों में विक्रय कर प्रति एकड़ 1 से 1.5 लाख रूपये लाभ अर्जित किया जा रहा है। गेंदा की खेती कम अवधि में तैयार होने वाली एक उपयोगी व्यावसायिक फसल है, जिसका उपयोग धार्मिक एवं सामाजिक आयोजनों, पूजा-पाठ, त्यौहारों, विवाह समारोहों तथा सजावट में गेंदा के फूलों की मांग बनी रहती है। किसान स्थानीय बाजार, फूल विक्रेताओं एवं मांग के अन्य उपलब्ध माध्यमों को ध्यान में रखकर इसकी खेती की योजना बना सकते हैं, धान एवं अन्य परंपरागत फसलों के साथ गेंदा जैसी उद्यानिकी फसलों को अपनाने से किसान अतिरिक्त आय अर्जित कर सकते हैं।

ट्रक चालक ने बस ...

डायल 112 को तथा गिधौरी पुलिस को जानकारी दिया गया और मौके गिधौरी पुलिस एवं डायल 112 पहुंचे हुये थे। ट्रक आयुष जैन बलौदा बाजार का बताया जा रहा है गिधौरी पुलिस ने शराबी ट्रक चालक दिलीप पिता महेतरू जायसवाल कसडोल निवासी को गिरफ्तार कर कार्यवाही किया जा रहा है।

जुआ खेल रहे 5 ...

फड़ व पास से कुल 3,130 रुपए नगद, 52 ताश पत्ती आदि जप्त की गई। आरोपियों का कृत्य छत्तीसगढ़ जुआ (प्रतिषेध) अधिनियम 2022 की धारा 3(2) के तहत दंडनीय पाए जाने पर थाना लवन में अपराध क्र. 0344/2026 पंजीबद्ध किया गया है। प्रकरण में अग्रिम वैधानिक कार्रवाई की जा रही है।

दुर्गोत्सव...


रामायण चौक मुंडा बस्ती


महामाया चौक जुड़ा


बाजार चौक बरदा


महामाया चौक बरदा


श्री राम चौक कोलिहा


नवापारा भाठा चौक जुड़ा


बजरंग चौक जुड़ा


रामायण चौक परसापाली


धूम दास चौक पैजनी


इमली चौक पैजनी

खबर संक्षेप



उप निरीक्षक पवन बंदे को दी गई विदाई

बलौदाबाजार। बलौदाबाजार-भाटापारा पुलिस कार्यालय में 14 अक्टूबर को उप निरीक्षक (एम) पवन बंदे के स्थानांतरण पर स्नेह मिलन एवं विदाई समारोह आयोजित किया गया। जिला बलौदाबाजार-भाटापारा से रायपुर ग्रामीण स्थानांतरण होने पर पुलिस कार्यालय के अधिकारियों और कर्मचारियों ने उन्हें शुभकामनाएं देते हुए उनके कार्यकाल की सराहना की। उल्लेखनीय है कि पवन बंदे जिला गठन वर्ष 2012 से ही बलौदाबाजार पुलिस कार्यालय में पदस्थ रहकर प्रशासनिक दायित्वों का निर्वहन कर रहे थे। अपने सेवाकाल के दौरान उन्होंने कार्यालयीन कार्यों में निष्ठा, अनुशासन और कार्यकुशलता का परिचय दिया। पुलिस कार्यालय के सभाकक्ष में आयोजित कार्यक्रम में अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक खोमन सिन्हा ने पवन बंदे के कार्यों की प्रशंसा करते हुए उनके योगदान को सराहनीय बताया। इस अवसर पर उन्हें शाल एवं श्रीफल भेंटकर सम्मानित किया गया।

जल प्रबंधन विभाग को ज्ञापन देने के बाद भी राहत नहीं, अब कलेक्टर से लगाई गुहार

14 नंबर नहर से पानी नहीं मिलने से 650 एकड़ धान फसल सूखने की कगार पर

हरिभूमि न्यूज ⏭ बलौदाबाजार

ग्राम पंचायत कोकड़ी के किसानों को 14 नंबर सिंचाई नहर से पर्याप्त पानी नहीं मिलने के कारण परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। करीब 650 एकड़ कृषि भूमि में लगी धान की फसल को बचाने के लिए किसान लगातार सिंचाई के पानी की मांग कर रहे हैं, लेकिन उनका आरोप है कि बार-बार गुहार लगाने के बावजूद खेतों तक पानी पहुंचाने की व्यवस्था नहीं हो पाई है। फसल सूखने की आशंका से चिंतित किसानों ने अब कलेक्टर जनदर्शन पहुंचकर प्रशासन से हस्तक्षेप की मांग की है। 13 अक्टूबर को किसानों के समूह ने कलेक्टर जनदर्शन में आवेदन सौंपकर 14 नंबर सिंचाई नहर में पर्याप्त पानी उपलब्ध कराने की मांग की। किसानों का कहना है कि पानी के अभाव में धान की फसल मुरझाने लगी है। यदि समय रहते सिंचाई के लिए पानी नहीं मिला तो उनकी मेहनत और फसल को भारी नुकसान उठाना पड़ सकता है।



विभाग को पहले भी सौंप चुके हैं ज्ञापन

गौरतलब है कि किसानों ने 12 अक्टूबर को सुबह 10.30 बजे जल प्रबंधन विभाग के कार्यालय पहुंचकर कार्यपालन अभियंता के नाम अनुविभागीय अधिकारी जल प्रबंधन आलोक नगपुरे को सामूहिक रूप से हस्ताक्षरित आवेदन सौंपा था। इस दौरान इंजीनियर साहू की मौजूदगी में किसानों ने मौखिक रूप से भी अपनी समस्या रखते हुए नहर में पानी उपलब्ध कराने की मांग की थी। इसके बावजूद राहत नहीं मिलने का आरोप लगाते हुए किसानों को अगले दिन कलेक्टर जनदर्शन पहुंचना पड़ा।


सिंचाई पानी की बाधित 650 एकड़ खेती प्रभावित

हरिभूमि न्यूज ⏭ बलौदाबाजार

जिला मुख्यालय से करीब एक किलोमीटर दूर ग्राम पंचायत कोकड़ी के किसानों के सामने 14 नंबर सिंचाई नहर में पानी की अनियमित आपूर्ति की समस्या एक बार फिर खड़ी हो गई है। करीब 650 एकड़ कृषि भूमि पर खेती करने वाले कमलेश-कालाकार, किसानों का आरोप है कि पिछले वर्ष की तरह इस वर्ष भी फसल को जरूरत के समय नहर में पानी को लेकर अनिश्चितता की स्थिति बनी हुई है। पानी के अभाव में फसलें मुरझाने लगी हैं और किसानों में नाराजगी बढ़ती जा रही है। फसल को बचाने के लिए किसानों ने जल संसाधन विभाग के कार्यालय पहुंचकर कार्यपालन अभियंता के नाम अनुविभागीय अधिकारी जल प्रबंधन आलोक नगपुरे को सामूहिक ज्ञापन सौंपा। किसानों ने इंजीनियर साहू की मौजूदगी में नहर में तत्काल पर्याप्त पानी उपलब्ध कराने की मांग की थी। इसके बावजूद राहत नहीं मिलने का आरोप लगाते हुए किसानों को अगले दिन कलेक्टर जनदर्शन पहुंचना पड़ा।

पेज नं 13 पर

तालाब के लिए बंद रही नहर

जेसीबी से बंद नहर, पानी के लिए फिर परेशानी

नहर की व्यवस्था पर पहले भी उठ चुके हैं सवाल

कोकड़ी के किसान पहले भी 14 नंबर नहर में पानी की अनियमित आपूर्ति को लेकर अपनी नाराजगी जता चुके हैं। नहर की लाइनिंग और उसके स्वरूप में बदलाव को लेकर भी पूर्व में सवाल उठाए गए थे। किसानों का कहना है कि सिंचाई के लिए पानी समय पर उपलब्ध कराना जरूरी है, ताकि फसल को नुकसान से बचाया जा सके। अब किसानों ने प्रशासन से मांग की है कि मामले को गंभीरता से लेते हुए तत्काल नहर में पर्याप्त पानी पहुंचाने की व्यवस्था की जाए। ज्ञापन सौंपने वालों में शिवन वर्मा, गोपाल ध्रुव, उदेराम ध्रुव, दिनेश ध्रुव, मदन, जैनेन्द्र वर्मा, तुलसीराम, रत्न, टिकेश्वर, अजय दुबे, पुनीतदास मानिकपुरी, चतुर ध्रुव, बबला यादव, संतु, भुवन, रामाधार यादव, ईश्वर ध्रुव, राजकुमार, राधेश्याम, नरेंद्र वर्मा, तरुण यादव, भोला ध्रुव, अरुण वर्मा, संतन ध्रुव, रमाशंकर यादव, करन सिंह वर्मा, द्विगु यादव, आशुतोष जायसवाल और पंकज फेकर सहित अन्य किसान उपस्थित रहे।

विभाग का नाम बदलने के फैसले पर आदिवासी समाज ने जताई आपत्ति



हरिभूमि न्यूज ⏭ बलौदाबाजार

छत्तीसगढ़ शासन द्वारा आदिम जाति विकास विभाग का नाम बदलकर जनजातीय कार्य विभाग करने के निर्णय पर सर्व आदिवासी समाज ने आपत्ति जताई है। समाज के जिला प्रतिनिधिमंडल ने मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के नाम कलेक्टर कुलदीप शर्मा को ज्ञापन सौंपकर विभाग का नाम पूर्ववत रखने की मांग की है।

समाज के पदाधिकारियों के अनुसार, 11 अक्टूबर को मुख्यमंत्री की अध्यक्षता में हुई मंत्रिमंडल की बैठक में विभाग का नाम बदलने संबंधी प्रस्ताव पर निर्णय लिया गया। इस फैसले को लेकर आदिवासी समाज के लोगों में नाराजगी है। प्रतिनिधिमंडल ने कहा कि 'आदिम जाति' शब्द समाज की ऐतिहासिक पहचान, संस्कृति और परंपराओं से जुड़ा है। विभाग का नाम बदलने से समाज की भावनाएं आहत हो रही हैं। सर्व आदिवासी समाज ने कहा कि समाज की मान-मर्यादा, ऐतिहासिक पहचान, संवैधानिक अधिकारों और परंपराओं का संरक्षण जरूरी है।

शासन को समाज की भावनाओं और विचारों को ध्यान में रखते हुए निर्णय पर पुनर्विचार करना चाहिए। समाज की मांग है कि आदिम जाति विकास विभाग का नाम पूर्ववत रखा जाए, ताकि आदिवासी समाज की पहचान और भावनाओं का सम्मान बना रहे।

ज्ञापन सौंपने के दौरान सर्व आदिवासी समाज के प्रदेश उपाध्यक्ष कमलेश ध्रुव, जिलाध्यक्ष भूपेंद्र ध्रुवंशी, जिला उपाध्यक्ष भानु ध्रुव, जिला सचिव थानू ध्रुव, जिला युवा प्रभाग अध्यक्ष संतोष नेताम, लवन महासभा अध्यक्ष शिव सिंह नेताम, युवा प्रभाग के ब्लॉक संरक्षक कृष्णा ध्रुव, श्यामबाबू ध्रुव, मूरीत राम ध्रुव, तीज राम ध्रुव, संतोष ध्रुव और चंद्रेश ध्रुव सहित समाज के अन्य प्रतिनिधि उपस्थित रहे।

नहरडीह में विशाल राक्षस की झांकी आकर्षण का केंद्र

हरिभूमि न्यूज ⏭ खरोरा

ग्राम नहरडीह के बजरंग चौक में ग्राम मोहरेंगा की प्रसिद्ध देवी जस झांकी का कार्यक्रम मंगलवार की रात संपन्न हुआ। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में ग्राम पंचायत नहरडीह के सरपंच अनील सायतोड़े, उपसरपंच सरिता गजेंद्र साहू, एवं पंचगण पुनाराम मारकंडे, दाऊलाल साहू, ग्राम सभा उपाध्यक्ष राजेंद्र साहू, बिमला साहू उपस्थित रहे। उन्होंने दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया और झांकी की प्रस्तुति की सराहना की। देर रात तक चले इस कार्यक्रम में पारंपरिक देवी जस झांकी की प्रस्तुति ने उपस्थित ग्रामीणों को मंत्रमुग्ध कर दिया। कलाकारों ने दुर्गा सहित विभिन्न देवी-देवताओं की भूमिका की सजीव प्रस्तुति दी। रात में आयोजित झांकी में विशाल राक्षस स्वरूप की झांकी मुख्य आकर्षण बनी। आसपास के दर्जनों गांवों से लोग इस झांकी को देखने पहुंचे थे। बजरंग चौक में स्थापित दुर्गा माता की प्रतिमा की विशेष पूजा-अर्चना भी की गई।

- नहरडीह में देवी जस झांकी का आयोजन



अध्यक्ष नंदलाल यादव, उपाध्यक्ष आसकरण साहू, कोषाध्यक्ष भेखलाल साहू, सचिव ओमप्रकाश साहू, सह सचिव रामस्वरूप साहू, सदस्य पुष्कर साहू, डोमार यादव, पंडा हीरालाल यादव, पंचु यादव, नीलकंठ साहू, भुनेश्वर साहू आदि। समिति ने कार्यक्रम में उपस्थित सभी ग्रामीणों, कलाकारों एवं सहयोगियों का आभार व्यक्त किया।

मिरगी में क्रिकेट टूर्नामेंट का शुभारंभ

हरिभूमि न्यूज ⏭ अर्जुनी

क्षेत्र में खेल एवं धार्मिक आयोजनों के माध्यम से उत्साह और सामाजिक एकता का माहौल देखने को मिल रहा है। ग्राम मिरगी में आयोजित क्रिकेट टूर्नामेंट के उद्घाटन समारोह में युवा नेता नीरज परगनिहा अतिथि के रूप में शामिल हुए। वहीं, ग्राम पंचायत पौसरी (रवान) में शारदीय नवरात्रि के पावन अवसर पर युवा मोर्चा के प्रदेश कार्यसमिति सदस्य एवं बेमेतरा जिला प्रभारी नीरज परगनिहा ने ज्योत प्रज्वलित कर माता रानी से क्षेत्र की सुख-समृद्धि, खुशहाली एवं जनकल्याण की कामना की। ग्राम मिरगी में क्रिकेट टूर्नामेंट के आयोजन के दौरान ग्रामवासियों एवं आयोजन समिति ने नीरज परगनिहा का भव्य स्वागत एवं सम्मान किया। इस अवसर पर उन्होंने खिलाड़ियों का उत्साहवर्धन करते हुए कहा कि खेल युवाओं के शारीरिक एवं मानसिक विकास के साथ अनुशासन, आपसी सहयोग और टीम भावना को मजबूत करने का महत्वपूर्ण माध्यम हैं। उन्होंने खिलाड़ियों को खेल भावना के साथ उत्कृष्ट प्रदर्शन करने तथा अपने गांव और क्षेत्र का नाम रोशन करने के लिए प्रेरित किया।



कार्यक्रम में युवाओं एवं ग्रामवासियों में खासा उत्साह देखने को मिला। ग्राम पंचायत पौसरी (रवान) में नवरात्रि के अवसर पर ज्योत प्रज्वलन के साथ भक्तिमय वातावरण बना रहा। श्रद्धालुओं ने माता रानी के जयकारे लगाकर पूजा-अर्चना की तथा क्षेत्र में सुख-शांति, समृद्धि और खुशहाली की कामना की।

अवसर पर ग्राम मिरगी के कार्यक्रम में गोवर्धन ध्रुव, प्रधान पाठक दौलत कुंजाम, लेखराम साहू, संतोष साहू, पूर्व सरपंच पीला राम सेन, सरपंच रामेश्वर लहरी, युवा मोर्चा बलौदाबाजार ग्रामीण अध्यक्ष मोहन साहू, आईटी सेल सह प्रभारी कुशल वर्मा तथा ग्राम पौसरी के सरपंच कमलेश ध्रुव सहित अन्य जनप्रतिनिधि, युवा एवं ग्रामवासी उपस्थित रहे।

पांच गांवों में जनचौपाल लगाकर नवीन अग्रवाल ने सुनीं ग्रामीणों की समस्याएं

खरोरा। जिला पंचायत अध्यक्ष नवीन अग्रवाल के नेतृत्व में संचालित जनचौपाल एवं जनसमस्या निवारण अभियान के तीसरे दिन बरोंडा, अड़सेना, मोहंदी, गनियारी और पिकरीडीह में जनचौपाल लगाई गई। इस दौरान ग्रामीणों से सीधे संवाद कर उनकी समस्याएं सुनी गईं तथा संबंधित अधिकारियों को प्राथमिकता के साथ निराकरण के निर्देश दिए गए। अभियान की शुरुआत ग्राम बरोंडा से हुई, जहां जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी कुमार विश्वरंजन भी उपस्थित रहे। नवीन अग्रवाल ने ग्रामीणों की मांगों पर चर्चा करते हुए पात्र हितग्राहियों को शासकीय योजनाओं का लाभ दिलाने और जनहित से जुड़े मामलों में गंभीरता से कार्रवाई करने पर जोर दिया। ग्राम गनियारी में भाजपा जिला रायपुर ग्रामीण के प्रभारी सुरेंद्र पटने सहित पार्टी पदाधिकारियों ने भी सहभागिता निभाई। नवीन अग्रवाल ने कहा कि जनचौपाल का उद्देश्य केवल ग्रामीणों से मुलाकात करना नहीं, बल्कि उनकी समस्याओं को समझकर समाधान की दिशा में ठोस पहल करना है। जनप्रतिनिधियों और प्रशासन के बीच समन्वय स्थापित कर लोगों को समस्याओं के निराकरण के लिए सीधा मंच उपलब्ध कराया जा रहा है। उन्होंने कहा कि सड़क, पेयजल, शिक्षा, स्वास्थ्य और स्वच्छता जैसी बुनियादी सुविधाओं का विस्तार ग्रामीण विकास की प्राथमिकता है। शासन की योजनाओं का लाभ अंतिम पात्र हितग्राही तक पहुंचाना और किसी को जानकारी के अभाव में वंचित नहीं रहने देना अभियान का प्रमुख उद्देश्य है। उन्होंने कहा कि गांवों का विकास ही प्रदेश की प्रगति का आधार है। जनसेवा के माध्यम से जनता का विश्वास अर्जित करना और ग्रामीण समस्याओं का समाधान सुनिश्चित करना उनकी प्राथमिकता है। इस अवसर पर जिला पंचायत सभापति सरोज चंद्रवंशी, रश्मि वर्मा, कुंजलाल वर्मा, शिवशंकर वर्मा, मंडल अध्यक्ष सोना वर्मा, जिला भाजपा महामंत्री घनश्याम चंद्राकर सहित भाजपा पदाधिकारी, पंचायत प्रतिनिधि, विभागीय अधिकारी-कर्मचारी और बड़ी संख्या में ग्रामीणजन उपस्थित रहे।





जिला पंचायत अध्यक्ष और सीईओ ने सुनी ग्रामीणों की समस्याएं

हरिभूमि न्यूज ⏭ बंगोली

जिला पंचायत रायपुर के अध्यक्ष नवीन अग्रवाल द्वारा जिला पंचायत क्षेत्र क्रमांक 5 के अंतर्गत विभिन्न गांवों में जन चौपाल एवं जनसमस्या निवारण सह जनसंपर्क अभियान चलाया जा रहा है। इसी कड़ी में बुधवार को जनपद पंचायत तिल्दा के ग्राम पंचायत बरौंडा में भव्य शिविर का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ मां सरस्वती के तैलचित्र पर जिला पंचायत अध्यक्ष नवीन अग्रवाल, रायपुर जिला पंचायत सीईओ कुमार विश्वरंजन, बरौंडा की सरपंच नीलू प्रदीप मढ़रिया एवं जनपद सदस्य कुंजलाल वर्मा ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित कर और पूजा-अर्चना के साथ किया। जनसमस्या चौपाल को संबोधित करते हुए जिला पंचायत सीईओ कुमार विश्वरंजन ने उपस्थित जनसमूह का अभिनंदन किया। उन्होंने कहा कि राज्य और केंद्र सरकार की योजनाओं का लाभ सीधे अंतिम व्यक्ति तक पहुँचाने, ग्रामीणों की समस्याओं को सुनने और उनका तत्काल निराकरण करने के लिए ऐसे संवाद शिविर बेहद महत्वपूर्ण हैं। शिविर में विभिन्न विभागों के अधिकारी-कर्मचारी भी मौजूद रहे। सरपंच नीलू प्रदीप मढ़रिया ने अपने इस अवसर पर सचिव सुरेंद्र पटेल, रोजगार सहायक जगदेव कंडरा, शाला अध्यक्ष मामराज देवांगन, लालदास गिलहरे, रमेश वर्मा, ईयाराम वर्मा, पूरण देवांगन, चंदू यदु, जयप्रकाश चौहान सहित समस्त शिक्षकगण और बड़ी संख्या में ग्रामीण उपस्थित थे।

5 लाख तक की शिकायत पर कोई शुल्क नहीं, ऑनलाइन दर्ज करा सकेंगे प्रकरण

हरिभूमि न्यूज ⏭ बलौदाबाजार

छत्तीसगढ़ राज्य उपभोक्ता आयोग के निर्देशानुसार जिला उपभोक्ता आयोग बलौदाबाजार द्वारा शाश्वत उच्चत्तर माध्यमिक विद्यालय में उपभोक्ता जागरूकता का आयोजन किया गया। शिविर उपभोक्ता कानून की जानकारी देते हुए उनके अधिकारों से अवगत कराई गई। आयोग की अध्यक्ष रंजना दत्ता, सदस्यगण शारदा सोनी एवं हरजीत सिंह चावला ने छात्र छात्राओं, विद्यालयीन स्टॉफ को उनके अधिकारों व हितों की विस्तृत जानकारी दी एवं जागरुकता सम्बंधित पम्पलेट का वितरण किया गया।

शिविर का उद्देश्य छात्र छात्राओं को उपभोक्ताओं के उनके अधिकारी, कर्तव्यों तथा उपभोक्ता संरक्षण अधिनियम के प्रावधानों से जागरुक किया जा रहा है जिससे जिले में उपभोक्ता प्रकरणो की वृद्धि भी हो रही है। उपभोक्ता जागरुकता ही शोषण से बचाव का सबसे प्रभावी माध्यम है। उनके द्वारा उपभोक्ता संरक्षण अधिनियम, 2019 की जानकारी देते हुए बताया कि उपभोक्ताओं को गुणवत्तापूर्ण वस्तु एवं सेवाएं प्राप्त करना उनका कानूनी अधिकार है। उपभोक्ताओं को किसी वस्तु की कीमत, गुणवत्ता की जांच, मात्रा की जांच, सेवा व संविदा शर्त, बीमा, मेडिकल क्लेम फाइनेंस कंपनियां, बैंक, यातायात वाहन, आनलाइन खरीददारी सोच समझकर करनी चाहिए। उपभोक्ता, सेवा में कमी से संबंधित शिकायत जिला उपभोक्ता आयोग के समक्ष कर सकता है। उपभोक्ता शिकायत का मूल्य पाँच लाख तक हो तो उस पर कोई शुल्क नहीं लगता है।

उपभोक्ता जागरूकता शिविर में उपभोक्ता कानून व अधिकारों की दी गई जानकारी



ई-जागृति पोर्टल और ई-हियरिंग की दी गई जानकारी

ई- फाइलिंग व ई -हियररिंग के बारे में जानकारी देते हुए बताया कि आयोगों के समक्ष शिकायत अब ई-फाइलिंग के माध्यम से ऑनलाइन ही की जाती है, इसके लिए उपभोक्ता ई-जागृति पोर्टल का उपयोग कर सकते हैं। उपभोक्ताओं को अपना पक्ष रखने के लिए बहस हेतु आयोग के समक्ष उपस्थित होना जरूरी नहीं है उपभोक्ता अपना पक्ष या बहस ई- हियरिंग के माध्यम से ऑनलाइन कहीं से भी कर सकते हैं। यह सुविधा जिला उपभोक्ता जायोग बलौदाबाजार सहित सम्पूर्ण छत्तीसगढ़ राज्य में प्रारंभ हो चुकी है। उपभोक्ता जागरूकता शिविर में आयोग के कर्मचारीगण दिनेश शर्मा, राजेश्वर इंगले, धीरज दुबे, अधिवक्ता संघ के अध्यक्ष शारिक खान, राजनारायण त्रिपाठी एवं स्पोक पर्सन के रूप में अधिवक्ता विकास गुप्ता महाविद्यालय के स्टॉफ,छात्र-छात्राएं उपस्थित रहे।

खबर संक्षेप

सेन समाज मंगल भवन का भूमि पूजन



भाटापारा। रामसागरपारा में 10 लाख रुपये की लागत से बनने वाले सेन समाज मंगल भवन के निर्माण का भूमि पूजन अश्वनी शर्मा नगर पालिका अध्यक्ष ने किया। इस अवसर पर अध्यक्ष सुरेश भारद्वाज उपाध्यक्ष मोहन, बालू सेन, चोवाराम सेन, योगेंद्र सेन, संतोष सेन, पुनीत राम सेन, जीतू सेन, करण सेन आदि सेन समाज के लोग उपस्थित रहे।

मुंडा में घायल आवारा मवेशी का पशु चिकित्सक ने किया इलाज



मुंडा। मुंडा के मेन रोड किनारे आशीष तिवारी घर के पास एक आवारा बैल का पूछ में चोट लगने से घायल हो गया था। पूछ में चोट लगने से पूछ गल कर पूरा खराब हो गया था जिसकी इलाज के लिए मौके पर पहुंच कर लवन मे पदस्थ सहायक पशु चिकित्सा अधिकारी, डॉक्टर आरडी साहू द्वारा इंजेक्शन लगाकर उपचार किया गया जिसमें ग्राम से सूमेर वर्मा, भुवनेश्वर वर्मा भी सहयोग प्रदान किया गया।

खरोरा में डिजिटल वित्तीय साक्षरता जागरूकता शिविर आयोजित



खरोरा। राष्ट्रीय कृषि और ग्रामीण बैंक रायपुर द्वारा प्रायोजित एवं जिला सहकारी केन्द्रीय बैंक मर्यादित रायपुर के तत्वाधान में डिजिटल वित्तीय साक्षरता जागरूकता कार्यक्रम जिसमे लोगों को जागरूक होने के लिए एक नाटक के माध्यम से बताया गया सभी किसान लोगों को बताया गया की एटीएम से पैसे निकालने के लिए पिन किसी को न बताए और मोबाईल में पिन किसी को साझा न करें, ऐसे सभी ग्रामीण लोगो को बताया। जिसमे मुख्य रुप से समिती के प्रबंधक मोहित साहू, जिसमें प्रमुख किसान तोलेंद्र साहू, लीलाधर साहू, खड़ानंद साहू और सभी ग्रामीण उपस्थित थे।

लीला मंडली चौक में विराजीं मां भवानी



गोपालपुर। गांव के लीला मंडली चौक में युवा संगठन व ग्रामीणों के सहमती से मां दुर्गा की स्थापना किया गया है। जिसमें सुबह शाम आरती होती है और रात में झांकी कार्यक्रम आयोजित किया जाता है। जिसमें बच्चे युवा बुजुर्ग सभी मां दुर्गा के भक्ति में डूबे हुए हैं।

मोटर दुर्घटना, महिला सुरक्षा, साइबर अपराध पर अधिवक्ताओं ने किया मार्गदर्शन

कुर्मी समाज के विधिक जागरूकता शिविर में ऑनलाइन ठगी से बचने के बताए गए उपाय

हरिभूमि न्यूज ⏭ बलौदाबाजार

छत्तीसगढ़ मनवा कुर्मी क्षत्रिय समाज की नगर इकाई बलौदाबाजार के तत्वावधान में कुर्मी मंगल भवन में विधिक साक्षरता एवं जागरूकता शिविर आयोजित किया गया। शिविर का उद्देश्य समाज के लोगों को कानूनी अधिकारों, कर्तव्यों और विधिक सहायता से संबंधित महत्वपूर्ण जानकारियां देकर जागरूक करना था। कार्यक्रम में अधिवक्ता गणेश बघमार ने मोटरयान दुर्घटना प्राधिकरण, उपभोक्ता संरक्षण अधिनियम और निःशुल्क विधिक सहायता के संबंध में जानकारी दी। अधिवक्ता तामेश्वर वर्मा ने सिविल मामलों तथा विद्युत करंट से मृत्यु होने पर जिम्मेदारी और क्षतिपूर्ति प्राप्त करने की प्रक्रिया समझाई। अधिवक्ता सत्यप्रकाश वर्मा ने विधिक साक्षरता, संविधान, उच्च न्यायालय की प्रक्रिया और रिट याचिका से संबंधित जानकारी दी।





अधिवक्ता थानेश्वर वर्मा ने सामाजिक न्याय, नागरिक अधिकारों और कानूनी प्रावधानों पर प्रकाश डाला। इसी क्रम में अधिवक्ता भूपेंद्र वर्मा ने नाबालिग बच्चों के संरक्षण, अधिवक्ता बालाराम वर्मा ने ग्राम पंचायत के अधिकारों एवं कार्यप्रणाली, पार्वती वर्मा ने महिला सुरक्षा और नाबालिगों के संरक्षण तथा अधिवक्ता विवेक वर्मा ने आयकर संबंधी विषयों पर जानकारी दी। अधिवक्ता शुभम बघमार ने साइबर अपराध और ऑनलाइन ठगी से बचने के उपाय बताए।

प्रत्येक नागरिक को कानून की बुनियादी जानकारी हो

पूर्व राज प्रधान धर्मेंद्र सरसीहा ने कहा कि प्रत्येक व्यक्ति को कानून की बुनियादी जानकारी होनी चाहिए, ताकि वह अपने अधिकारों की रक्षा के साथ अपने कर्तव्यों का भी जिम्मेदारीपूर्वक निर्वहन कर सके। उन्होंने आयोजन के लिए नगर इकाई को बधाई दी। कार्यक्रम में तीर्थयात्रा से लौटे पूर्व नगर प्रमुख तामेश्वर वर्मा का समाज के वरिष्ठजनों ने श्रीफल भेंटकर स्वागत किया। संचालन नगर प्रमुख एवं अधिवक्ता हेमंत टिकरिहा ने किया तथा आभार नगर कोषाध्यक्ष माखन वर्मा ने व्यक्त किया। इस अवसर पर नरसिंह वर्मा, आरएन वर्मा, ताराचंद धुरंधर, पुनीत राम वर्मा, जामवंत वर्मा, वेदराम वर्मा, मुरलीधर वर्मा, मोहन वर्मा, महेश वर्मा सहित समाज के वरिष्ठजन, अधिवक्तागण एवं नगर के अनेक गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे।

सौरभ देवांगन का कलेक्टर ने किया सम्मान

हरिभूमि न्यूज ⏭ बलौदाबाजार



जिले के ग्राम जारा निवासी सौरभ देवांगन ने पर्यावरण संरक्षण, स्वच्छता अभियान एवं वृक्षारोपण का संदेश जन-जन तक पहुंचाने के उद्देश्य से पांच वर्षों तक पूरे भारतवर्ष की पैदल यात्रा की। अपनी इस प्रेरणादायक यात्रा का अनुभव साझा करने के लिए उन्होंने कलेक्टर कुलदीप शर्मा से बुधवार को मुलाकात की।कलेक्टर श्री शर्मा ने पर्यावरण संरक्षण, स्वच्छता एवं वृक्षारोपण के प्रति सौरभ देवांगन के उल्लेखनीय योगदान और उनके जज्बे की सराहना करते हुए उनका सम्मान किया। इस दौरान सौरभ देवांगन ने कलेक्टर कुलदीप शर्मा को पौधा भेंट कर पर्यावरण संरक्षण और हरियाली को बढ़ावा देने का संदेश दिया

इस अवसर पर कलेक्टर श्री शर्मा ने जिले में जनसहयोग से जल संरक्षण की दिशा में किए जा रहे प्रयासों की जानकारी देते हुए बताया कि जिले में लगभग ढाई लाख जल संरक्षण संरचनाओं का निर्माण किया गया है। इन प्रयासों का उद्देश्य 'गांव का पानी गांव में, शहर का पानी शहर में और खेत का पानी खेत में' के संकल्प को साकार करना है, ताकि वर्षा जल का संरक्षण कर जल संकट की चुनौती से निपटा जा सके। उन्होंने कहा कि जनभागीदारी और युवाओं की सक्रिय भूमिका से पर्यावरण संरक्षण एवं जल संचयन के प्रयासों को व्यापक जनआंदोलन का स्वरूप दिया जा सकता है। उन्होंने सौरभ जैसे जागरूक एवं समर्पित युवाओं से अपील की कि वे पर्यावरण संरक्षण और जल संवर्धन से जुड़ी ऐसी जनहितकारी पहलों को अधिक से अधिक लोगों तक पहुंचाने में सहयोग करें।

बृजमोहन को ओडिशा का राज्यपाल बनाए जाने पर धोबी समाज में हर्ष

अर्जुनी। धोबी समाज के गौरव झारखंड के पूर्व सांसद एवं पूर्व विधायक बृजमोहन राम को उड़ीसा का राज्यपाल बनाए जाने पर बलौदाबाजार जिला समाज ने शुभकामनाएं दी है।



उनकी नियुक्ति को समाज के लिए गौरव सम्मान और ऐतिहासिक उपलब्धि के रूप में देखा जा रहा है। धोबी समाज बलौदाबाजार जिलाध्यक्ष श्रीराम रजक एवं पदाधिकारियों ने कहा कि बृजमोहन राम को देश के महत्वपूर्ण संवैधानिक पद का दायित्व सौंपा जाना पूरे धोबी समाज के लिए गर्व का विषय है यह उपलब्धि समाज के लोगों में ऊर्जा उत्साह और आत्मविश्वास का संचार करने वाली हैं। राज्यपाल बृजमोहन राम को झड़ीराम कन्नौजे, लोकेश कन्नौजे, मनोज निर्मलकर, निर्मला रजक, अशोक निर्मलकर, नीलमणि चौधरी, कमलेश रजक, धनेश्वर निर्मलकर, पन्नालाल रजक, शंकर रजक, मोतीलाल निर्मलकर, अश्वनी रजक, शीलादेवी रजक, त्रिलोचन रजक, मानसिंग निर्मलकर, बालकुमार रजक, प्रकाश चंद्र निर्मलकर, मुनीश निर्मलकर, हार्दिक रजक, श्यामता प्रसाद रजक, चेतन कनौजे, टिकेश्वर कनौजे, गोवर्धन कनौजे, तुलस कनौजे, अरुण कन्नौजे, पोषण रजक, भुवन कन्नौजे, हेमंत कनौजे, मनराखन कनौजे, राजाराम कन्नौजे, बृजलाल कनौजे, सुरेश कनौजे, द्वारिका निर्मलकर, नारायण निर्मलकर, ईश्वर रजक, जीवन रजक, रामजी रजक, उमाशंकर कर्ष, जगदीश कनौजे, जनीराम निर्मलकर, पंचराम रजक, चोवाराम निर्मलकर, जनकराम निर्मलकर, हेतराम रजक, पुनीत रजक सहित समाज के लोगों ने बधाई दी है।


अंचल में गूंज रहे जस गीत, मां दुर्गा के जयकारों से भक्तिमय हुआ माहौल



हरिभूमि न्यूज ⏭ मुंडा

शारदीय नवरात्रि के पावन पर्व पर मुंडा के आसपास गांव बरदा जुड़ा पैजनी कोलिहा सर्वाडीह परसापाली जैसे गांव के चौक चौराहों पर विराजित मां दुर्गा की प्रतिमा स्थापित होने के साथ ही पूरा गांव भक्तिमय माहौल में डूब गया है दुर्गा प्रतिमा स्थापित होने के बाद दुर्गा पंडाल में सुबह से लेकर दे रात तक माता रानी की मदार की थाप पर जस गीत गाते हुए माता रानी की जयकारा गूंज रहे हैं। वहीं कई श्रद्धालु पूजा- अर्चना और मंत्रोचार की बीच मां की आराधना में लीन है मुंडा के चार जगह पर आदिशक्ति मां दुर्गा की प्रतिमा विधि विधान से स्थापित की गई है रामायण चौक, बस्ती आदर्श चौक, पुलिया पारा, सड़क पार, बाजार चौक, सामाजिक भवन और यशवंत साहू घर के पास बरदा में, बाजार चौक और महामाया चौक पैजनी में, ईमली चौक धूम दास चौक जुड़ा, में नवापारा भाटा चौक बजरंग चौक और महामाया चौक कोलिहा में कमल घर सड़क पार के पास, श्याम दुर्गा उत्सव समिति सड़क पार बस्ती में गुड्डी चौक और रामायण चौक सर्वाडीह में ठाकुर देव चौक गांव के विभिन्न चौक चौराहा में विराजी मां दुर्गा की प्रतिमा स्थापना होने से नवरात्र की रौनक बढ़ गई है । वही नवरात्र के चौथे दिन पूजा स्थलों पर मां दुर्गा की जयकारों के बीच श्रद्धालु परिवार की सुख समृद्धि खुशहाली की कामना कर रहे हैं नवरात्र के 9 दिन दिनों तक चलने वाली देवी आराधना को लेकर भक्तों में उत्साह बना हुआ है । देवी आराधना के इस अवसर पर भक्तजन अपनी आस्था के साथ पूजा अर्चना में जुटे हुए हैं। वहीं मुंडा में झांकी कार्यक्रम होगा करके गांव व आसपास क्षेत्र में काफी उत्साह बना हुआ है।

अंचल में विराजीं मां दुर्गा ...



श्याम दुर्गा उत्सव समिति सड़क पार कोलिहा



कमल घर सड़क पार कोलिहा



आदर्श चौक सड़क पार पुलिया पारा मुंडा



बाजार चौक मुंडा

भाटापारा का सर्वांगीण विकास कराना हमारी प्राथमिकता

नपा अध्यक्ष ने 3 वार्डों में 47.19 लाख के विकास कार्यों का किया भूमिपूजन

हरिभूमि न्यूज ⏭ भाटापारा

नगर पालिका अध्यक्ष अश्वनी शर्मा की उपस्थिति में नगर के तीन वार्डों में सड़क, बाउंड्री वॉल एवं सामाजिक भवन निर्माण कार्यों का विधिवत भूमिपूजन संपन्न हुआ। परशुराम वार्ड में 27.19 लाख की लागत से सीसी रोड का निर्माण किया जाएगा। सड़क निर्माण से स्थानीय नागरिकों को आवागमन में सुविधा मिलेगी ,रामसागर वार्ड के सुर्खी रोड स्थित रामसागर पारा में 10 लाख की लागत से सेन समाज भवन का निर्माण किया जाएगा। इस भवन के बनने से सेन समाज के लोगों को सामाजिक आयोजनों, सामुदायिक बैठकों एवं विभिन्न रचनात्मक गतिविधियों के लिए एक व्यवस्थित स्थान उपलब्ध होगा। लाल बहादुर शास्त्री वार्ड के पटपर स्थित साहू समाज भवन में 10 लाख रुपए की लागत से बाउंड्री वॉल



का निर्माण कराया जाएगा। इससे भवन परिसर की सुरक्षा, सुव्यवस्थित रखरखाव तथा सामाजिक आयोजनों के लिए बेहतर वातावरण तैयार करने में मदद मिलेगी।

नगर पालिका अध्यक्ष अश्वनी शर्मा ने कहा की भाटापारा का सर्वांगीण विकास और प्रत्येक वार्ड में नागरिकों को बेहतर सुविधाएं उपलब्ध कराना हमारी प्राथमिकता है। विकास का वास्तविक उद्देश्य तभी पूरा होता है, जब उसका लाभ आम नागरिक तक पहुंचे और लोगों के जीवन में सकारात्मक बदलाव आए। इसी सोच के साथ हम नगर के अलग-अलग वार्डों की आवश्यकताओं को ध्यान में रखकर विकास कार्यों को आगे बढ़ा रहे हैं।

श्री शर्मा ने कहा की जनता ने जिस विश्वास के साथ हमें नगर की जिम्मेदारी सौंपी है, उस विश्वास पर खरा उतरना हमारा कर्तव्य है। हमारा प्रयास है कि नगर पालिका के माध्यम से होने वाले विकास कार्यों का लाभ सभी वार्डों तक पहुंचे। इस अवसर पर सभापति गोविंद पटेल मनीष मिश्रा संतीश तलरेजा कुंजराम कोशले,पार्षद भुवन सिंह ठाकुर नंदू वैष्णव सहित बडी संख्या में गणमान्य जन उपस्थित रहे।

